दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 286 मुरादाबाद, 13 February 2023 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये


प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

# आज देश की बेटियां भी राफेल लड़ाकू विमान उड़ा रहीं, दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर बोले पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में आज जब विश्व अनेक विवादों में फंसा है, हिंसा और अस्थिरता में घिरा हुआ है, तब महर्षि दयानंद सरस्वती जी का दिखाया मार्ग करोड़ों लोगों में आशा का संचार करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने अपना संबोधन भी दिया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने महर्षि दयानंद सरस्वती के समाज के लिए किए गए कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह अवसर ऐतिहासिक है और भविष्य के इतिहास को निर्मित करने का है। 21वीं सदी में आज जब विश्व अनेक विवादों में फंसा है, हिंसा और अस्थिरता में घिरा हुआ है, तब महर्षि दयानंद सरस्वती जी का दिखाया मार्ग करोड़ों लोगों में आशा का संचार करता है।




महर्षि दयानंद जी ने आगे आकर वेदों के बोध को समाज में पुनर्जीवित किया पीएम मोदी ने कहा कि जब महर्षि दयानंद का जन्म हुआ था तब देश सदियों की गुलामी से कमजोर पड़ कर अपनी आभा, अपना तेज, अपना आत्मविश्वास सब कुछ खोता चला जा रहा था। प्रति क्षण हमारे संस्कार, आदर्श को चूर-चूर करने का प्रयास होता था। इसके बाद महर्षि दयानंद जी ने आगे आकर वेदों के बोध को समाज में पुनर्जीवित किया। उन्होंने सामाजिक भेदभाव, ऊंच-नीच, छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ सशक्त अभियान चलाया।महर्षि दयानंद ने महिलाओं के लिए शिक्षा अभियान शुरू किया पीएम मोदी ने कहा कि महिलाओं को लेकर समाज में जो रूढ़ियां पनप गई थीं, महर्षि दयानंद जी उनके खिलाफ एक तार्किक और प्रभावी आवाज बनकर उभरे। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ भेदभाव का खंडन किया, महिला शिक्षा का अभियान शुरू किया। आज देश की बेटियां भी राफेल लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। गरीबों और वंचितों का उत्थान सर्वोच्च प्राथमिकता बन गया है। दयानंद सरस्वती ने अनेक संस्थाओं का सृजन किया पीएम मोदी ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने अपने जीवन में केवल एक मार्ग ही नहीं बनाया, बल्कि अनेक संस्थाओं का भी सृजन किया। वे अपने जीवन काल में क्रांतिकारी विचारों को लेकर के चले,उनको जिया और लोगों को जीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने हर विचार को व्यवस्था के साथ जोड़ा। जो बीज स्वामी दयानंद जी ने रोपा था, वो आज विशाल वटवृक्ष के रूप में पूरी मानवता को छाया दे रहा है। आजादी के अमृतकाल में आज देश उन सुधारों का साक्षी बन रहा है, जो स्वामी दयानंद जी की प्राथमिकताओं में थे। स्वामी दयानंद जी ने परिपक्वता की परिभाषा बतलाई थी पीएम मोदी ने कहा कि स्वामी दयानंद जी ने हमें जीवन जीने का एक और मंत्र दिया था। उन्होंने बहुत ही सरल शब्दों में बताया था कि आखिर परिपक्व कौन होता है, आप किसको परिपक्व कहेंगे? उनका कहना था कि जो व्यक्ति सबसे कम ग्रहण करता है और सबसे अधिक योगदान देता है, वही परिपक्व है। दिल्ली से जयपुर बस साढ़े तीन घंटे में, जानें दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से क्या बदलेगा- आइए इस एक्सप्रेस-वे के बारे में जानते हैं। साथ ही जानते हैं कि इसको बनाने में कितनी लागत आई? इस एक्सप्रेस-वे की क्या खासियत है? आम लोग कब से इसका इस्तेमाल कर सकेंगे? दिल्ली से मुंबई तक का निर्माण कब तक पूरा हो जाएगा? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बहुप्रतीक्षित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के पहले खंड का उद्घाटन किया। 1,386 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे का पहला खंड 246 किलोमीटर लंबा है। दिल्ली-दौसा-लालसोट के बीच का यह खंड दिल्ली से जयपुर की यात्रा को आसान करेगा। इसके बनने के बाद दिल्ली से जयपुर का पांच घंटे का सफर महज साढ़े तीन घंटे में पूरा हो सकेगा। इस एक्सप्रेस-वे के पूरा होने के बाद दिल्ली से मुंबई तक का सफर का 24 घंटे से घटकर 12 घंटे का हो जाएगा। इसके अलावा एक्सप्रेसवे के बीच पड़ने वालों शहरों की दूरी भी अब आसान हो जाएगी। आइये इस एक्सप्रेस-वे के बारे में जानते हैं। साथ ही जानते हैं कि इसको बनाने में कितनी लागत आई? इस एक्सप्रेस-वे की क्या खासियत है? आम लोग कब से इसका इस्तेमाल कर सकेंगे? दिल्ली से मुंबई तक का निर्माण कब तक पूरा हो जाएगा? कितनी लागत में बनेगा यह एक्सप्रेस-वे?- दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की आधारशिला नौ मार्च 2019 को रखी गई थी। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के 246 किलोमीटर लंबे दिल्ली-दौसा-लालसोट खंड को 12,150 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। इस खंड के चालू होने से दिल्ली से जयपुर की यात्रा का समय 5 घंटे से घटकर लगभग 3.5 घंटे हो जाएगा। इसके अलावा सरकार ने पूरे क्षेत्र के आर्थिक विकास को एक बड़ा बढ़ावा मिलने का भी दावा किया है। पूरी परियोजना की बात करें तो 1,386 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे को 98,000 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है। इस एक्सप्रेस-वे की क्या खासियत है? दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे भारत का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे होगा। यह राष्ट्रीय राजधानी, दिल्ली और मुंबई के बीच संपर्क को बढ़ाएगा। एक्सप्रेस-वे 93 पीएम गति शक्ति टर्मिनल, 13 बंदरगाहों, आठ प्रमुख हवाई अड्डों और आठ मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) के साथ-साथ जेवर हवाई अड्डे, नवी मुंबई हवाई अड्डे और जवाहर लाल नेहरू बंदरगाह जैसे नए आने वाले ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों को भी जोड़ेगा।इसके अलावा, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के छह राज्यों से गुजरने वाला यह एक्सप्रेस-वे जयपुर, किशनगढ़, अजमेर, कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, भोपाल, उज्जैन, इंदौर, अहमदाबाद,



वडोदरा, सूरत जैसे आर्थिक केंद्रों से कनेक्टिविटी में सुधार करेगा नए एक्सप्रेस-वे से दिल्ली और मुंबई के बीच आवागमन के समय को लगभग 24 घंटे से घटाकर 12 घंटे करने और दूरी में 130 किलोमीटर की कमी होने की उम्मीद है। इससे 32 करोड़ लीटर से अधिक के वार्षिक ईंधन की बचत होगी और कार्बन डाई ऑक्साईड (ष्ट्ह2) उत्सर्जन में 85 करोड़ किलोग्राम की कमी आएगी जो कि 4 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की राजमार्ग के किनारे 40 लाख से अधिक वृक्ष और झाड़ियां लगाने की योजना भी है।यह एक्सप्रेस-वे एशिया में पहला और दुनिया में दूसरा है जिसमें वन्यजीवों की बिना रोक-टोक आवाजाही की सुविधा के लिए पशु पुल (अंडरपास) की सुविधा है। इसमें 3 वन्य जीव और 5 हवाई पुल (ओवरपास) होंगे जिनकी कुल लंबाई 7 किमी होगी। एक्सप्रेस-वे में दो बड़ी 8 लेन सुरंगें भी शामिल होंगी। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे विभिन्न वनों, शुष्क भूमि, पहाड़ों, नदियों जैसे कई विविध क्षेत्रों से गुजरता है। अधिक वर्षा वाले -मुंबई खंड के लिए कठोर फुटपाथ डिजाइन को अपनाया गया है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के 94 सुविधाओं यानी वे साइड अमेनिटीज -डब्ल्यूएसए बनाई गई हैं। रास्ते के किनारे की सुविधाओं में पेट्रोल पंप, मोटल, विश्राम क्षेत्र, रेस्तरां और दुकानें होंगी। इन वे साइड सुविधाओं में चिकित्सा आपात स्थिति के मामले में संपर्क बढ़ाने और लोगों को निकालने के लिए हेलीपैड भी इस एक्सप्रेस-वे पर होंगे। दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे केवल सफर ही सुगम नहीं करेगा बल्कि आपात स्थिति में इस पर फाइटर प्लेन भी उतारे जा सकेंगे। इस सड़क को रोड रनवे के रूप में विकसित किया जा रहा है। सोहना के अलीपुर से मुंबई के बीच इस पर करीब 55 स्थानों पर ऐसे हिस्से विकसित किए जा रहे हैं, जहां फाइटर प्लेन को आसानी से उतारा जा सके। अलीपुर से दौसा तक करीब 296 किलोमीटर के हिस्से में ही करीब 10 ऐसे हिस्से हैं, जहां फाइटर प्लेन आसानी से उतारे जा सकते हैं। आम लोग कब से इस्तेमाल कर सकेंगे?- राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) टोल वसूली की तैयारी पूरी नहीं कर पाया है, इसीलिए रविवार को उद्घाटन के बाद भी वाहन चालकों को सफर के लिए 15 फरवरी तक इंतजार करना पड़ेगा।` परियोजना निदेशक मुदित गर्ग के अनुसार, लोकार्पण के लिए तैयारी चल रही है। बड़े पैमाने पर टेंट लगाए जाएंगे। उसे उतारने के लिए समय चाहिए, इसलिए लोकार्पण के बाद 15 से सफर शुरू किया जाएगा।

# सीएम योगी ने यूके के निवेशकों को दिलाया भरोसा, बोले- आपका हर निवेश सुरक्षित रहेगा

मुख्यमंत्री योगी ने यूके के प्रतिनिधिमंडल से कहा कि प्रदेश में होने वाला आपका हर निवेश सुरक्षित है। प्रदेश सरकार आपको हर संभव मदद देगी।लखनऊ में हो रहे यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 में शामिल होना मेरे लिए गौरव की बात है। उत्तर प्रदेश की इस महान धरती पर खड़े होकर पूरे विश्व को निवेश के लिए न्योता देना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। वहीं राइस बास्केट के तौर पर मशहूर इस प्रदेश के इस कार्यक्रम के हम सब साक्षी बने यह भी एक बड़ी उपलब्धि है। यूके उत्तर प्रदेश में डिफेंस एंड एयरोस्पेस के साथ मेडिकल के क्षेत्र में बड़ा निवेश करेगा। इसके लिए मैं सीएम योगी को आश्वस्त करता हूं। ये बातें जीआईएस के तहत दधीचि हाल में आयोजित यूनाइटेड किंगडम पार्टनर कंट्री/डिफेंस सेशन में ब्रिटिश गवर्नमेंट के डिफेंस प्रोक्योरमेंट मिनिस्टर एलेक्स चॉक केसी ने कही। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि यूके ने पार्टनर कंट्री के रूप में जीआईएस में जो अपना योगदान दिया है उससे न केवल डिफेंस एयरोस्पेस की फील्ड में बल्कि फूड प्रोसेसिंग के फील्ड में इसे बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने में प्रदेश सरकार से उन्हे पूरा सहयोग प्राप्त होगा। सीएम योगी ने यूके डेलिगेशन को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में होने वाला हर निवेश न केवल सुरक्षित होगा बल्कि निवेशक के लिए भी फलदाई बनाने में राज्य सरकार अपनी




पॉलिसी के तहत भरपूर मदद करेगी। इस दौरान सेशन में यूके की 6 कंपनियों से निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यूके डिफेंस सेक्टर में अपनी साझेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध

यूके मिनिस्टर एलेक्स चॉक ने कहा कि हम प्रदेश में विशेष तौर पर डिफेंस सेक्टर में अपनी साझेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उत्तर प्रदेश भारत की रक्षा जरूरतों को पूरा करने की दिशा में मेक इन इंडिया मुहिम के तहत वृहद स्तर पर अपनी भूमिका निभा रहा है और इस भूमिका में हमारा योगदान निवेश के साथ ही स्ट्रैटेजिकल व टैक्टिकल वेपनरी के निर्माण समेत कई क्षेत्रों में होगा। इससे उत्तर प्रदेश भारत की रक्षा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा। साथ ही वैश्विक परिदृश्य में एक्सपोर्ट के लिहाज से भी उत्तर प्रदेश धाक जमाने में सक्षम होगा। सक्षम उत्तर प्रदेश न केवल भारत एशिया पैसिफिक रीजन बल्कि पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है और इसी कारण से दुनिया आशा और उम्मीद के साथ उत्तर प्रदेश के सुनहरे भविष्य की परिकल्पना को साकार होते देखने का साक्षी बनने के लिए तत्पर है।

## डिफेंस एंड एयरोस्पेस हमारी प्राथमिकताओं में

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूके गवर्नमेंट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीआईएस-23 को सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाने में यूके की पार्टनर कंट्री के रूप में सहभागिता और योगदान हमारे लिए अनुकरणीय है। प्रदेश को विकास की नई उड़ान देने के लिए जिन 25 सेक्टर्स पर फोकस किया गया है उनमें डिफेंस एंव एयरोस्पेस पहली प्राथमिकता पर है, जिसे तेजी के साथ विकास के पथ पर हम भारत सरकार के साथ मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं। वहीं प्रदेश सरकार ने भी अपनी डिफेंस एंड एयरोस्पेस को लेकर एक नीति जारी की है, जिसके अंतर्गत हम उन संभावनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं, जिससे प्रदेश इस सेक्टर में हब के रूप में विकसित होकर उभरे। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार इस नीति के तहत हर एक निवेशक को प्रदेश के अंदर सुरक्षित निवेश की गारंटी देने के साथ प्रदेशवासियों के लिए फलदाई बनाने और आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मुझे विश्वास है कि यूके ने पार्टनर कंट्री के रूप में जीआईएस-23 में जो अपना योगदान दिया है उससे न केवल डिफेंस एयरोस्पेस की फील्ड में बल्कि फूड प्रोसेसिंग के फील्ड में इसे बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने में प्रदेश सरकार से उन्हे पूरा सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा। सीएम योगी ने यूके डेलिगेशन को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में होने वाला हर निवेश न केवल सुरक्षित होगा बल्कि निवेशक के लिए भी फलदाई बनाने में राज्य सरकार अपनी पॉलिसी के तहत भरपूर मदद करेगी।

## पीएम मोदी के डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के सपने से साकार करेंगे यूके के डेलीगेशन

सीएम योगी ने कहा कि यूपी जीआईएस-23 अपनी सफलता की एक नई कहानी के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे बोलने में कोई संकोच नहीं की भारत और यूके के संबंध एक सुदृढ़ ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़े हुए हैं और प्रधानमंत्री मोदी ने इन द्विपक्षीय संबंधों को इतनी ऊंचाई तक पहुंचाने में अपनी बड़ी भूमिका का निर्वहन किया है। इसी का परिणाम है कि आज यूके से जुड़े तमाम निवेशक न केवल जीआईएस-23 में भागीदार बन रहे हैं बल्कि स्वयं यूके के डिफेंस प्रोक्योरमेंट मिनिस्टर अपने भारी-भरकम डेलिगेशन के साथ प्रदेश में उन संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के 6 नोड बनाने के जिस कार्यक्रम की घोषणा की थी उस दृष्टि से आज का यह सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण फलदाई साबित होगा।

## संपादकीय Editorial

### Look at property deals

If the instructions of the Sukhu government on the sale and purchase of land in the jurisdiction of the officers are followed in the right spirit, then the officers will not be able to make such deals at their place of posting. The importance of this decision is reflected in many ways, but the state's pattern has been such that the government work culture is finding fodder for itself in the pasture of properties. The blueprints of the schemes or the mouth of the projects are the witnesses as to why the price of land in Himachal has reached the sky. Apparently due to some political reasons, the officials not only kept visiting the station of their choice, but also kept collecting private bank of properties. New Shimla is a living example of this framework or many other cities of the state are expanding next to them by hiding the land purchase papers by one or the other officer. It could also be the ability of government job or the wonder of responsibility that such a class was born in the state, which became a parallel system of buying and selling of land or building. A state-wide survey can reveal the extent to which the authorities have added properties, or it can also be ascertained in whose buildings government offices, banks or tourism units have moved in growing business areas. Not only this, if you look carefully, the plans landing on the land of the state have started plotting with connivance or have added extra wealth to the appearance of the apartment. In every deal of land, a kind of arrangement has been made in which one or the other person sitting on a government post is playing the main role or is earning property by going on this path. We can also consider it a necessity or see the fulfillment of a common desire to build a house, but monitoring is necessary where mafia herds start forming behind such deals. The history of the last three decades has emerged as a personal fiefdom of Himachalis in the entire state. These are capable residents, who want to add or grab every achievement under the universe. Every administrative town of Himachal did not spread just like that, but the place of government job has been written on the bastions of progress. Undoubtedly, the reason for the government's decision has also been that due to influential postings, the working style of some officers or important employees has started getting reflected in the land deals. Fixing the code of conduct related to this, if the government is preventing the officers from buying property at the posting sites, then the ethical dimensions of this decision will be found. On the other hand, it is also to be seen that due to continuous increase in per capita income in Himachal, the expectations of a better lifestyle are constantly looking for a new destination. This is the reason why Himachalis have done more than half the purchases in the colonies, apartments, commercial complexes and modern settlements being developed in the periphery of Chandigarh. Although one reason for this can be upliftment in modern lifestyle, but many other reasons can be attributed to economic prosperity, housing options, future security of children and lack of such facilities in the state. We also believe that even if we put a stop to the purchase of properties at posting sites, we will not be able to stop the money that has mysteriously started flowing in. government employees will always prove to be long and accessible. If Himachal has to save the deteriorating condition of the properties sold or the behavior falling under government influence, then some such decisions will have to be taken according to its transfer policy, rules of urban development, customs of land purchase and economic capacity of the citizens so that new satellite towns or People can meet the needs of such purchases according to their capacity in a transparent manner in investment centers.

## Ananya shared a bold picture in bikini, trolls said - you look malnourished



Ananya Pandey has shared her latest hot pictures on Instagram. Ananya is seen taking a mirror selfie. Bollywood industry's hot actress Ananya Pandey dominates the internet for her boldness. Ananya is very active on social media and often shares her hot pictures with fans. Once again Ananya Pandey has raised the temperature of the internet by sharing her hot picture. Fans are showering love on Ananya Pandey's picture. On one hand, the fans are praising this look of Ananya Pandey a lot. At the same time, some users started trolling Ananya by calling her malnourished. Ananya Pandey has shared her latest hot pictures on Instagram. Ananya is seen taking a mirror selfie. In this picture, she was seen wearing an orange colored printed bikini. In this picture, Ananya Pandey is seen flaunting her curvy figure. Ananya has shared many hot pictures. In one of these pictures, Ananya is flaunting her back figure. Users started trolling Ananya Pandey regarding these pictures. Trolling Ananya, a user wrote, 'Mother is a victim of malnutrition and some people call it fitness.' Another user wrote, 'Despite having so much money, she seems to be suffering from malnutrition.' Another wrote, 'She has become malnourished in the process of becoming hot.' Another user wrote, 'It is not a figure, it is called a disease of malnutrition, Madam.' Apart from this, many celebs have also commented on Ananya Pandey's pictures. Commenting on Ananya's picture, Shah Rukh Khan's daughter Suhana wrote, 'Wow.' At the same time, Amitabh Bachchan's daughter Shweta Bachchan commented, 'I like your long hair very much. Along with this, many fans are also showering love on the pictures of Ananya Pandey.

## Rakhi's pain spilled over Kiara-Sid's marriage, said - now I feel disgusted when I see any marriage

A video of Rakhi Sawant is becoming increasingly viral on social media, in which she is seen calling Kiara Advani as Kaira. Bollywood's drama queen Rakhi Sawant is in a lot of discussion these days about her husband Adil Khan Durrani. Rakhi had married Adil and recently he has also been sent to police custody. Rakhi Sawant has made many allegations against Adil like assaulting her, grabbing her money-jewellery and cheating. Recently, a video of Rakhi Sawant is going viral, in which she is seen calling Kiara Advani as Kaira. A video of Rakhi is becoming increasingly viral on social media, in which she is seen talking about Kiara and Siddharth's marriage.



In this video, Rakhi Sawant is also telling the name of Kiara's husband as Manish Malhotra instead of Siddharth Malhotra. Rakhi says in the video, 'I am feeling so much that Kaira's wedding and Manish'. Correcting them, the paparazzi says- 'Kiara'. In the video, Rakhi further says, 'Siddharth Malhotra got married and his news should spread well in the world. Theirs is such a holy marriage and mine is spreading such dirty news. I am feeling so much. I feel disgusted when I see any marriage. I cry when I see any love birds. February 14 is about to come, my heart is crying.' Social media users are seen commenting heavily on this video of Rakhi, one user wrote, 'O Teri Kaira, that too with Manish.' Another user wrote. Said, 'Kiara and Manish Malhotra. Sister, if you do more drama then one day you will forget your own name.' Another user said, 'His dramas never end. She has broken her house in the wake of the footage.

## Angelina Jolie came forward to help earthquake victims, appealed to people by sharing photos




Angelina Jolie has shared heart-wrenching pictures of this disaster in Turkey and Syria on Instagram. Along with this, the actress has also extended a helping hand. The whole world is watching the devastation caused by the earthquake in Turkey and Syria. Many people have lost their lives in this earthquake, so the number of injured is also increasing. It is being said that the death toll from the earthquake may also increase. At the same time, people from all over the world are extending their hands to help Turkey and Syria. Recently, Hollywood's famous actress Angelina Jolie has also come forward to help the victims and has also appealed to everyone to help. Angelina Jolie has shared heart-wrenching pictures of this disaster in Turkey and Syria on Instagram. Along with this, the actress has also extended a helping hand. The actress has also shared a video, which is of a person engaged in rescue work and he is asking for help. Apart from this, a father is sitting holding the hand of his daughter trapped in the debris. At the same time, a picture of Turkey has also been shown, in which all the buildings and houses are seen turned into a pile of debris. Sharing these pictures and videos, Angelina Jolie wrote, 'My heart is with the people of Syria and Turkey. So many families are suffering at this time, it is hard to understand their unimaginable pain. A friend sent me this from inside northwest Syria. I have decided to support The White Helmets and @tphilanthropy. I hope others will consider helping too, so that they can continue their efforts to save lives. Fans are expressing their gratitude by commenting on this post of Angelina Jolie. A Turkish user wrote, 'Thank you', while another wrote, 'I wish the rest of the celebrities had a heart like yours.' Let us tell you that on February 6, there was an earthquake of 7.8 magnitude in Turkey and Syria. Its accompanying 7.5-magnitude aftershock caused devastation in both countries and killed thousands.

# VHP नेता पर हमला: BJP नेता ने पहले लगाया नारा फिर संतोष को मारी गोली, RSS प्रमुख के बयान को लेकर हुआ था विवाद



इस बीच बाइक से पहुंचे आरोपी ने संतोष से कहा, जो परशुराम का नहीं, वो मेरे काम का नहीं। इसके बाद उसने संतोष पर फायरिंग कर दी। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बयान को लेकर हुए विवाद में विश्व हिंदू परिषद के महानगर सह मंत्री संतोष पांथरी ( 28 ) को शनिवार शाम दिल्ली रोड पर गोली मार दी। घायल संतोष को साईं हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। कुछ दिन पहले मोहन भागवत के बयान को लेकर संतोष का भाजपा नेता से फेसबुक पर विवाद हो गया था। वहीं आरोपी भाजपा नेता ने तीन दिन पहले मोहन भागवत के बयान के खिलाफ सीओ को ज्ञापन दिया था। नया मुरादाबाद निवासी विहिप के सहमंत्री संतोष पांथरी शनिवार को कटघर में आयोजित संगठन के केंद्रीय महामंत्री की बैठक में शामिल होने के लिए गए थे। बैठक समाप्त होने के बाद वह ई-रिक्शा से संगठन के महामंत्री अविनाश गुप्ता और कोषाध्यक्ष योगेश त्यागी के साथ दिल्ली रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के सामने उतर गए। जहां तीनों आपस में बातचीत करने लगे। इस बीच बाइक से पहुंचे आरोपी ने संतोष से कहा, जो परशुराम का नहीं, वो मेरे काम का नहीं। इसके बाद उसने संतोष पर फायरिंग कर दी। गोली संतोष के पेट में लगी और वह गिर गया। हमले के बाद आरोपी बाइक से फरार हो गया। आरोपी भाजपा नेता ब्राह्मण महासभा से भी जुड़ा है। घायल संतोष को दोनों साथी लेकर साईं हॉस्पिटल पहुंचे। जहां संतोष का इलाज चल रहा है। वहीं घटना की जानकारी होने पर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, सीओ डॉ. अनूप सिंह भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया। विहिप नेता अविनाश गुप्ता और योगेश त्यागी का बयान लिया। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी ने कुछ दिन पहले पुलिस को आरएसएस प्रमुख के खिलाफ ज्ञापन दिया था। मोहन भागवत के बयान को लेकर दोनों के बीच फेसबुक पर आरोप प्रत्यारोप चल रहा था। पूछताछ के बाद आधार पर पुलिस हमलावर की तलाश कर रही है। हमलावर भाजपा कार्यकारिणी का सदस्य बताया जा रहा है। दोनों आपस में दोस्त थे।

# सियासत की जंग ने दोस्ती में घोला जहर, सोशल मीडिया मंच पर छिड़ गई लड़ाई



मोहन भागवत ने वर्ण व्यवस्था पर सियासत होने के बाद एक बयान दिया था। इसी बयान को लेकर आपस में दोस्त रहे संतोष पांथरी और आरोपी दोनों के बीच फेसबुक पर जंग छिड़ गई। सियासत ने दोस्ती में ऐसा जहर घोला कि एक दोस्त दूसरे की जान का प्यासा बन गया। गोली से घायल संतोष पांथरी के पिता वाचस्पति पांथरी ने बताया कि दोनों साथ घूमते थे। दोनों आपस में दोस्त थे और भाजपा के कार्यक्रमों में जाते थे। ऐसा होगा कभी सोचा नहीं था। भाजपा के लोगों का कहना है कि दोनों आपस में दोस्त थे लेकिन मोहन भागवत के बयान को लेकर दोनों के बीच फेसबुक पर तकरार कुछ ज्यादा बढ़ गई थी। पार्टी के लोगों ने दोनों को समझाया था। फिर भी आरोपी किसी की बात मानने के लिए तैयार नहीं था। उसने फेसबुक पर खुद को भगवान परशुराम का समर्थक बताना शुरू किया। समझाने पर उसने मोहन भागवत का पुतला फूंकने की धमकी दी थी और भागवत के खिलाफ नारेबाजी की थी। आखिरकार वहीं हुआ जो लोग अंदेशा लगा रहे थे। सियासत ने दोस्तों के बीच नफरत का जहर घोल दिया। अस्पताल में लोग कह रहे थे कि अपराधियों की गोली रिश्ते नहीं पहचानती। दोस्त ही दोस्त की जान देने पर उतारू हो गया।

## आरोपी को भाजपा से निकालने के लिए संघ ने बनाया था दबाव


भाजपा से जुड़े लोगों ने बताया कि कि आरोपी द्वारा ब्राम्हण महासभा की तरफ से मोहन भागवत के खिलाफ पुलिस को ज्ञापन देने और आंदोलन करने संघ के पदाधिकारियों ने भाजपा महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा पर उसे पार्टी से निकालने का दबाव बनाया था। पार्टी से उसे निकाल भी दिया गया था। फिर भी दो दिन पहले भाजपा की तरफ से आयोजित पंचायत भवन के कार्यक्रम में आरोपी दिखाई दिया था।

## मेरा बेटा सुबह खाना छोड़कर बैठक में चला गया

अस्पताल में घायल बेटे को देखने के लिए आई संतोष पांथरी की मां सुशीला ने बताया कि मेरा बेटा सुबह दस बजे खाना छोड़कर बैठक में शामिल होने के लिए कटघर चला गया था। उसकी किसी से दुश्मनी नहीं थी। दोपहर में पिता वाचस्पति पांथरी ने बेटे को कॉल किया तो उसने बताया कि खाना खा लिया है। पिता एक एक्सपोर्ट कंपनी में कार्यरत हैं। पिता ने बताया कि शाम को वह घरेलू कार्य में व्यस्त थे। इसी समय संतोष के दोस्त ने बताया कि उसके इकलौते बेटे को किसी ने गोली मार दी है। अभी संतोष की शादी नहीं हुई है। उसकी बहन की शादी हो चुकी है।

www.knlslive.com

# अब आना-कानी नहीं करेंगा बैंक, कटे-फटे नोट नहीं बदल रहे तो 14440 पर कीजिए मिस्ड काल



मुरादाबाद-कोई भी बैंक कटे-फटे नोट बदलने में आनाकानी नहीं कर सकता है। रिजर्व बैंक आफ इंडिया ( आइबीआइ ) ने निर्देश जारी किया है कि यदि कोई नोट नहीं बदलता है तो आप आरबीआइ के टोल फ्री नंबर 14440 पर मिस्ड काल कर सकते हैं। आरबीआइ संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करेगा।

## कटे-फटे नोट नहीं लेते बैंककर्मी

बैंक में अक्सर देखा जाता है कि बैंक में धनराशि जमा करने आने वाले कटे-फटे नोट लेकर भी आते हैं। बैंक में उनसे नोट जमा करने से इन्कार कर दिया जाता है। किसी कारणवश जमा भी कर लिए जाते हैं तो रकम निकालने वाले को वह नोट थमा दिए जाते हैं। आरबीआइ की गाइड लाइन है कि बैंक में आने वाले प्रत्येक नोट की जांच करे और कटे फटे नोट अलग कर दे। उन्हें निकासी करने वाले को नहीं दिया जाए।

www.knlslive.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच बिना किसी सिक्यूरिटी के डेली अखबार आवश्यकता है

KNLS लाइव

सभी जिलो में ब्यूरो, स्थानीय रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की

क्यूँ न लिखूं सच 9027776991

KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये

* वेलकम किट लेना अनिवार्य है

# भ्रूण लिंग की जांच कराने वाले चार अल्ट्रासाउंड सेंटर पर एफआईआर, नौ सील




सत्यम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली- मुख्यमंत्री के निर्देश पर अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच करने वाले अस्पतालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू हो गई है। सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें शहरी और देहात क्षेत्र के अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच करने में जुटी हैं। अब तक 55 अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच की जा चुकी है। इनमें डॉक्टर ना होने और खामियां पाए जाने पर भ्रूण लिंग की जांच कराने के आरोप में चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। जबकि नौ अल्ट्रासाउंड सेंटर सील किया चुके हैं। सीएमओ डॉ बलबीर सिंह ने नोडल अफसर डॉ हरपाल सिंह समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ अल्ट्रासाउंड सेंटर में की गई अब तक की कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। भ्रूण लिंग की जांच कराने वालों के खिलाफ तत्काल एफआईआर कराने के भी आदेश दिए हैं।

## पीएनडीटी एक्ट में होती है अल्ट्रासाउंड सेंटर्स के खिलाफ कार्रवाई

पीएनडीटी एक्ट 1994 के तहत अल्ट्रासाउंड सेंटर मेंभ्रूण लिंग की जांच कराना कानूनी अपराध है। ऐसा पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। बरेली में 240 अल्ट्रासाउंड सेंटर हैं। इसमें 75 अल्ट्रासाउंड सेंटर देहात क्षेत्र में है जबकि 166 अल्ट्रासाउंड सेंटर शहरी क्षेत्र में है। जनवरी में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 23 केंद्रों की जांच की है। फरवरी में अब तक 32 अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच की जा चुकी है। सीएमओ डॉ बलबीर सिंह ने सोमवार से अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

## बरेली के इन अल्ट्रासाउंड सेंटर पर गिर चुकी है अब तक गाज

स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने बरेली में अब तक 55 अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच पड़ताल की है। इसमें भ्रूण लिंग की जांच कराने के आरोप में कोपल हॉस्पिटल, डॉक्टर उपस्थित होने पर कृष्णा अल्ट्रासाउंड सेंटर, रेनू अल्ट्रासाउंड सेंटर फरीदपुर, वरदान अल्ट्रासाउंड सेंटर भुता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके अतिरिक्त लाइफ केयर डायग्नोस्टिक सेंटर बहेड़ी, रीजनल हॉस्पिटल, ग्लोबल अल्ट्रासाउंड सेंटर बहेड़ी, कैंपर हेल्थ केयर सेंटर बरेली, अल्फा डायग्नोस्टिक सेंटर बरेली, राधिका आईवीएफ एंड चाइल्ड केयर सेंटर बरेली, पल्लवी अल्ट्रासाउंड सेंटर, रिगार्ड अल्ट्रासाउंड सेंटर देवचरा, जनता अल्ट्रासाउंड सेंटर फतेहगंज पश्चिमी बंद होने और डॉक्टर ना होने के आरोप में सील किए गए हैं ।।

# 1990 का कारागार ने जारी किया प्रमाण पत्र

सत्यम शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली- काफी मशक्कत के बाद जिला कारागार में 1 सितंबर 1990 से 18 सितंबर 1990 तक निरुद्ध रहे तत्कालीन छात्र कांग्रेस के शहर अध्यक्ष दिनेश दद्दा एड0 एवं उनके साथी तत्कालीन छात्र कांग्रेस के शहर महामंत्री गोपाल पांडे को कारागार प्रशासन ने जेल में बंदी रहने का प्रमाण पत्र जारी किया उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट ने बताया कि 1990 में तत्कालीन मुलायम सिंह सरकार के आंदोलनत्मक विरोध के चलते माननीय दर्शन सिंह यादव एवं माननीयद्य श्रीमती शीला दीक्षित आदि को जेल में डाल दिया था ; जिसके विरोध स्वरूप उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जेल भरो आंदोलन शुरू हुआ द्य इसी के तारतम्य में बरेली जनपद में कांग्रेसियों ने आंदोलनद्यत्मक कदम उठाते हुए कानून का उल्लंघन कर अपनी गिरफ्तारी दी थी,जिसमें शहर के सैकड़ों लोग शामिल हुए थे उन्होंने बताया कि जेल में निरूद्ध रहने की अवधि के प्रमाण पत्र के लिए कई बार जिला प्रशासन एवं जेल प्रशासन से लिखा पढ़ी की गई और कई बार नोकझोंक भी हुई , किंतु प्रमाण पत्र नहीं मिल सका द्य इस बार जिलाधिकारी माननीय शिवाकांत द्विवेदी जी के आदेश पर और जेल प्रशासन पर दबाव बनाने के बाद कारागार मै निरुद्ध रहने की अवधि का प्रमाण पत्र मिल सका

# कुंडरा कोठी पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान किए बाइकों के चालान

मोहम्मद जुनैद अल्वी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बहेड़ी -रिछा। कोतवाली नवाबगंज की कुंडरा कोठी पुलिस द्वारा यातायात के प्रति चलाए गए चेकिंग अभियान में पुलिस ने तीन सवारी बैठाने वालों, हेलमेट न लगाने वालों, एवं ओवरस्पीड मोटरसाइकिल चलाने बालों के चालान किए। पिछले 4 दिनों से चला अभियान में पुलिस द्वारा लोगों 35 गाड़ियों के चालान काटे गए। इस दौरान चौकी इंचार्ज लाल बहादुर ने लोगों से हेलमेट लगाने मोटरसाइकिल पर तीन सवारी बैठाकर न चलने की हिदायत दी और उन्होंने लोगों से मोटरसाइकिल को कम स्पीड व यातायात नियमों के प्रति सतर्कता बरतने के लिए जागरूक किया। इस दौरान चौकी इंचार्ज लाल बहादुर, हेड कांस्टेबल नीरज राजपूत, अनुज आदि रहे।

# रिश्तेदार की बरात में आई बालिका संग गेस्ट हाउस में दुष्कर्म

सचिन ठाकुर ( निक्की )-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़-महानगर के महुआ खेड़ा क्षेत्र में रामघाट रोड के मदन पैलेस गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह में शुक्रवार रात 10 वर्ष की बालिका संग दुष्कर्म की शर्मनाक वारदात हुई है। बालिका रिश्ते के मामा की बरात में शामिल होने आई थी। जहां उसके साथ दुल्हन पक्ष के शादीशुदा रिश्तेदार युवक ने शौचालय में दुष्कर्म को अंजाम दिया। घटना के बाद बेसुध पड़ी मिली बालिका को अस्पताल पहुंचाया गया।जहां पता चला कि इसके साथ दुष्कर्म हुआ है। इसके बाद पुलिस को खबर दी गई। आरोपी की सीसीटीवी से पहचान हुई है। जिसकी तलाश में तीन टीमें लगी हैं। मूल रूप से फिरोजाबाद की बालिका कक्षा दो की छात्रा है। उसके आगरा निवासी सगे मामा के खुर्जा निवासी साले की बरात शुक्रवार को मदन पैलेस में आई थी। वह भी परिजनों के साथ यहां आई थी। दुल्हन पक्ष चिलकौरा का रहने वाला है। रात एक बजे करीब जब बालिका गायब हो गई तो उसकी तलाश हुई। इसी दौरान वह गेस्ट हाउस के शौचालय में वह बेसुध पड़ी मिली। इस पर परिजन तत्काल उसे एक नर्सिंग होम में ले गए। जहां जांच में बालिका के साथ दुष्कर्म की बात कही गई तो पुलिस को खबर दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और बालिका को दीनदयाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार जारी है।इधर, हरकत में आई पुलिस ने एसपी सिटी कुलदीप सिंह गुणावत की अगुवाई में सीसीटीवी आदि खंगाले तो खैर के गांव अंडला का जितेंद्र बघेल संदिग्ध के रूप में शौचालय में बालिका के संग जाते और बाद में अकेले बाहर आते दिखा। पता चला कि वह दुल्हन की भतीजी का पति है। उसके घर व संभावित ठिकानों पर दबिश के दौरान वह गायब मिला। मामले में पुलिस ने बालिका के परिवार की तहरीर पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ में तीन टीमों को एसएसपी ने गिरफ्तारी के लिए लगाया है। जिनमें थाना पुलिस, दो एसओजी की टीम शामिल हैं।

## बालिका ने रो-रोकर पहचान लिया आरोपी

इस वारदात में पुलिस ने जो सीसीटीवी जुटाया था। उसे दिन में अस्पताल में भरती बालिका को दिखाया गया। इस दौरान बालिका ने आरोपी की फोटो-वीडियो देखते ही पहचान ली। जांच में पता चला कि जिस युवती का रात विवाह था, उसकी सगी भतीजी की शादी आरोपी संग कुछ समय पहले ही हुई है। आरोपी युवक जयपुर में किसी कंपनी में काम करता है।सीसीटीवी से आरोपी की पहचान हो गई है। उसकी तलाश में तीन टीमों को लगाया गया है, बालिका का उपचार भी जारी है। जल्द आरोपी की गिरफ्तारी होगी।-कलानिधि नैथानी, एसएसपी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली सड़क चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट, करोड़ों रुपए की सड़क में हुई लीपापोती

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर-बिहारपुर -आज जहां सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा हर व्यक्ति के लिए अतिआवश्यक है। इन सभी में सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है मगर जब हम बात करें इन कार्यों के निर्वाहन करने वाले जिम्मेदार लोगों की तो उनको सुविधाओं की कोई चिंता नहीं है।ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है कि ओड़गी ( दनौली ) से विहारपुर तक बनने वाली सड़क निर्माण कार्य में। जिसकी लागत करोड़ रुपये की है और सड़क की लम्बाई लगभग 70 किमी है जिसमें डामरीकरण,सीसी रोड व पुल निर्माण किया गया है। जहां भोलेभाले जनता के साथ ना इंसाफी हो रहा वर्षो के मांग के बाद सरकार ने इधर निहारा और रोड़ की सौगात दी, लेकिन यह ठेकेदार, इंजीनियर व अधिकारी-कर्मचारी की मिलीभगत से रोड़ में बंदरबाट कर जनता को आक्रोशित कर दिया है। करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार पर इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप लग रहे। अब जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों में गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण को लेकर काफी आक्रोश देखने को मिल रहा। मुरुम की जगह मिट्टी का उपयोग - सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार की मनमानी सामने आई है। यहां पर सड़क के किनारे में मुरुम की जगह मिट्टी डाला जा रहा है। साइड सोल्डर में मिट्टी डालने से सड़क कितने दिन तक टिकाऊ रहेगा यह सवालिया निशान बना है। जन प्रतिनिधियों ने भी बताया ठेकेदार की मनमानी की कहानी- घटिया निर्माण के खिलाफ कांग्रेस के जिला महामंत्री संजय यादव व पूर्व पीसीसी सदस्य का कहना है कि रोड निर्माण के समय से विभाग व प्रशासन को तमाम बार अवगत कराया गया। बावजूद इसके ठेकेदार पर आंख मूंदकर भरोसा करने वाले अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं, घटिया ढंग से कराए गए निर्माण को लेकर जितनी भी शिकायतें उठाई गईं अनसुनी रहीं। यह सब मिलीभगत और कमीशनखोरी का प्रमाण हैं। उनके मुताबिक यदि इस रोड के निर्माण कार्य की जांच कराई जाए तो घोटाले का सच सामने आ सकता है। बशर्ते ठेकेदार को पूरा-पूरा संरक्षण देने वाले जांच से दूर रखे जाएं। इस संबंध में पीएमजेएसवाई के इंजीनियर का कहना यह है-मुझे यह जानकारी जनप्रतिनिधियों के द्वारा हुआ है और काम बिल्कुल स्टीमेट के अनुसार हो रहा है और जहां पर कमी पाई जाती हैं हम उसे सुधारने का काम करेंगे ।



### ग्रामीणों का भी कहना है सुधार नही तो करेंगे उग्र आंदोलन

भ्रष्टाचारी को लेकर क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश है उनका कहना है कि अपने आदत से बाज नहीं आते हैं तो उनको उनके ही खिलाफ हमें दल और बल के साथ प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के उन तमाम अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलकर हम उग्र आंदोलन के लिए बाध्य रहेंगे अन्यथा सरकार द्वारा दिया गया यह रोड पर सुधार जल्द से जल्द होना चाहिए।

### हम तो सवाल पूछेंगे- संतोष गुप्ता सभापति

मीडिया में आए दिन सुर्खियों में रहने वाला यह रोड लगभग 70 किलोमीटर और करोड़ों की लागत से बनने वाला आखिर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा कैसे??आप जांच कर स्टीमेट बनाकर इस रोड का कार्य चालू किऐ फिर आपको जनता ही क्यों बताएं कि रोड में भ्रष्टाचारी हो रहा है आपका कोई दायित्व नहीं बनता है ?जैसे वर्षो तपस्या के बाद भगवान प्रसन्न होते हैं भक्तों को तपस्या का फल देने के लिए वैसे ही यहां के भोले भाले जनताओं को यह रोड के लिए तपस्या किये हैं तब जाकर फल स्वरूप यह रोड की सौगात मिला है उनके तपस्या में अरोड़ा लगाने वाले आप कौन होते हो?मेरे द्वारा लिखित आवेदन प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के इंजीनियर को दे दिया गया है अब देखना यह है इस पर कार्यवाही कब होता है

# सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना का किया औचक निरीक्षण

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




इकौना श्रावस्ती सीएमओ श्रावस्ती डॉक्टर शारदा प्रसाद तिवारी ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र इकौना किया औचक निरीक्षण इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ओ टी कक्ष में ऑपरेशन का औचक निरीक्षण किया ओ टी में उपस्थित महिला चिकित्सक डॉक्टर प्रतिभा शुक्ला को आवश्यक दिशा निर्देश दिया कि प्रसूताओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाएं वह दवाएं समय से मुहैया कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए तथा ओ टी वार्ड में मौजूद सभी चिकित्सकों से मिलकर गहनता से निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने नवनिर्मित पंजीकरण काउंटर व दवा वितरण काउंटर सहित इकौना नगर में चल रहे टीकाकरण अभियान का भी निरीक्षण किया
निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव को आवश्यक दिशा निर्देश दिया
इस मौके पर डॉ अंकित अग्रवाल डॉ अवनीश तिवारी स्टाफ नर्स अलका पांडे स्मिता सिंह जेपी गौतम फार्मासिस्ट आलोक शुक्ला दिवाकर शुक्ला रवि श्रीवास्तव रामउग्रर यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# वैलेंटाइन डे पश्चिमी सभ्यता का प्रतीक इसका विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, पूर्ण रूपेण विरोध करेगी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहा कि 14 फरवरी को युवा वैलेंटाइन डे मनाते हैं जोकि पश्चिमी सभ्यता का प्रतीक है इसका विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, पूर्ण रूपेण विरोध करेगी इसको किसी भी हालत में मनाने नहीं दिया जाएगा आज की युवा पीढ़ी अपने महापुरुषों को भूलती जा रही है तथा पश्चिमी सभ्यता की ओर निरंतर बढ़ती जा रही है।यह इसलिए हो रहा है कि अब परिवार संगठित ना होकर मैं और मेरे बच्चों में बट गया है क्योंकि पहले संगठित परिवार होते थे तो दादा दादी चाचा चाची ताऊ ताई बुआ लोगों के बीच में जब बच्चे रहते थे तो यह लोग बच्चों को महापुरुषों के बारे में कहानियां सुनाते थे लेकिन जब परिवार मैं और मेरे बच्चों में बट गया तो बच्चे मोबाइलों से जुड़ गए जिसके कारण वैलेंटाइन डे,रोज डे,आदि को समझने लगे तथा महापुरुषों को भूल गए क्योंकि वह महापुरुषों के बारे में जानते ही नहीं है। श्री चौहान ने कहा कि मेरा शहर के सभी गिफ्ट कलेक्शन दुकानदार भाइयों से अपील है कि 14 फरवरी के दिन वह लोग अपनी अपनी दुकानों को बंद रखकर हम लोगों का साथ दें ताकि वैलेंटाइन डे जैसी कैंसर बीमारी को रोका जा सके। श्री चौहान ने कहा कि 14 फरवरी के दिन बजरंग दल की व दुर्गा वाहिनी की टीमें शहर के चप्पे-चप्पे पर नजर रखेंगी तथा रेलवे स्टेशन, पार्क, होटलों,आदि पर भी नजर रखी जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 40430 वादों का किया गया निस्तारण

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को मा0 जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार की अध्यक्षता एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0-01 नरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत का संचालन कैलाश कुमार प्रभारी-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के द्वारा किया गया। इस लोक अदालत में 48644 वादों में से 40430 वादों का निस्तारण हुआ, जिसमे 584370 की जुर्माना धनराशि, 25863316 की अवार्ड धनराशि एवं 798811200 की वसूली धनराशि गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के तत्वावधान में इस राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ मा0 जनपद न्यायाधीश द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करके किया गया। मा0 जनपद न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एंव उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जनपद एटा को 40,000 हजार वादों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हम सभी को मिलकर इस रिकार्ड को तोडकर इस लोक अदालत को सफल बनाना है। कोई भी विवाद ऐसा नहीं है जिसका निपटारा हम आपसी बातचीत व समझौता के आधार पर न कर सके। मा0 जनपद न्यायाधीश द्वारा उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारीगणों को निर्देशित किया गया कि यदि आपको वादकारीगणों के जुर्माने से संबंधित मामलों में जुर्माना कम करने का अधिकार है तो आप वादकारीगणों के अधिक से अधिक जुर्माने को कम कर वाद को निस्तारित करने का प्रयास करें जिससे वादकारियों को इस आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सकें तथा इस लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर राजबहादुर सिंह मौर्या प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय एटा, श्रीमती अल्पना, एम0ए0सी0टी0 एटा, नरेन्द्र कुमार सिंह,अपर जिला जज कक्ष सं0-( 1 ), एटा, प्रीति , वीर भद्र, अली रजा, विकास गुप्ता, रामबाबू यादव, सुबोध भारती, विपिन कुमान III, विनोद कुमार, हिमांशु कुमार सिंह,अपर जिला एंव संत्र न्यायाधीश एंव अनिल कुमार सी0जे0एम0, मंगल देव सिंह, सुश्री दीक्षा यादव, श्रीमती प्रगति सिंह, सिद्धार्थ वरगोती, सुश्री जाग्रति, सुश्री मिना अख्तर, श्रीमती कमलेश कुमारी आदि न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# अब नहीं चलेगी अपंजीकृत प्रसूतिग्रहों ,क्लीनिकों , पैथलॉजियों व अस्पतालों की तिकडमबाजी - सीएमओ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-जिले भर में मकडजाल की भांति फैलकर प्रसूताओं को प्रसव के दौरान उनको समगंल हलक का निवाला समझकर झौलाछाप सर्जनों से सर्जरी कराकर उन्हें मौत के मुंह में धकेलने वाले अनगिनत प्रसूतिग्रहों व अस्पतालों को लेकर बदनामी झेलते हुऐ अब बेहद आक्रामक तेवर में आऐ स्वास्थ्य विभाग के मुखिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी का कहना है कि जनहित के लिऐ सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वन में विभागीय अधिकारियों के व्यस्त रहने के चलते अमर बेल की तरह फैले झौलाछाप लोगों पर जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग ने इस बार बडे स्तर पर कठोर कार्यवाही करने का निर्णय लिया है ! डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार से तीनो तहसीलों मे अधीनस्थ अधिकारियों के नेत्रत्व में सिलसिलेवार छापामार अभियान चलाया जाऐगा तथा आवश्यक्ता पडने पर स्वंय उनके नेत्रत्व में भी स्वास्थ्य विभाग की सशक्त टीम झौलाछाप अस्पतालों को नेस्तनाबूद करने का प्रयास करेगी ! मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने पंजीकृत नर्सिगं होम तथा हॉस्पीटलों के संचालकों को भी सचेत किया है कि उनके यहां भी रेन्डम चैकिगं की जाऐगी तथा चिकित्सकों की मौजूदगी सहित अभिलेखीय रखरखाव का औचक निरीक्षंण किया जाऐगा ! त्रिटुपूर्ण स्वास्थ्य सेवाऐं मिलने पर विभागीय कार्यवाही के तहत नोटिस व पंजीयन के निरस्तीकरण की भी दन्डात्मक कार्यवाही की जाऐगी

# योगी सरकार की नजर आखिर कब घूमेगी, प्रधान प्रतिनिधि भूमाफिया पर

अरविंद कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती - प्रदेश की सरकार एक तरफ भू माफियाओं पर शिकंजा कसकर सरकारी जमीन खलिहान चक मार्ग व रास्तों को खाली कराने में पूरी ताकत झोंक रही है वहीं दूसरी तरफ मौजूदा प्रधान विकासखंड हरिहरपुर रानी ग्राम सभा भंगही जनपद श्रावस्ती प्रधान प्रतिनिधि ग्रामीणों के आम रास्ते पर ही निजी पक्का मकान बनाकर ग्रामीणों का रास्ता बंद कर दिया राजस्व टीम के नाव के बाद भी मौजूदा प्रधान रास्ता खोलने को तैयार नहीं जो राजस्व अभिलेखों में दर्ज है जिसका गाटा संख्या 629 और 583 है जिसकी सूचना मुख्यमंत्री पोर्टल जिला ,तहसील दिवस, समाधान दिवस मैं अमरनाथ यादव महेश कुमार उमेश राव सहित अन्य ग्रामीणों ने सूचना दी लेकिन आज तक भूमाफिया प्रधान का मामला संज्ञान में नहीं लिया गया ग्रामीणों में रास्ते को लेकर आक्रोश और ग्रामीण प्रधान प्रतिनिधि की जांच कर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं

# एनएसयूआई सोशल मीडिया विभाग के जिला कार्यकारिणी का हुवा गठन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर - प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय व सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश चेयरमैन असलम मिर्जा के अनुशंसा पर प्रदेश संयोजक राजेश साहू की सहमति से संभाग प्रभारी नेहा वैष्णव व जिला चेयरमैन शिवम साहू ने जिला एनएसयूआई सोशल मीडिया विभाग के कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें एनएसयूआई के कार्यकर्ता के रूप में लंबे समय से सड़क से लेकर सोशल मीडिया पर सक्रियता से कार्य कर रहे छात्र नेता समीर रजवाड़े को जिला संयोजक, अखलाक वारसी को जिला सहसंयोजक व समीर अहमद को सूरजपुर ब्लॉक का संयोजक नियुक्त किया है, जिससे कार्यकर्ताओं में बड़ा ही हर्ष का माहौल है। नियुक्ति पश्चात सभी नवनियुक्त पदाधिकारी व भारी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता प्रदेश महासचिव कौनेन अंसारी के अगुवाई में अपने मार्गदर्शक सूरजपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री संजय डोसी के कार्यालय में पहुंचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया व कार्यकर्ताओं ने श्री डोसी एवं पदाधिकारियों को माला पहनाकर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपना खुशी जाहिर किया।

# जर्जर सड़क पार नही कर पाई कार तो बाईक पर बैठकर लोगों से मुलाकात पहुंचे गिरीश गुप्ता

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर - ओडगी विकासखंड के दुरुस्त अंचल ग्राम पंचायत कुप्पा एवं करीं के लोगों से जनसम्पर्क करने के लिए पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने जाना चाहा तो पगडंडी सड़क अत्यंत जर्जर हालत में थी। जिसके वजह से अपनी कार बीच रास्ते में छोड़ बाईक मे बैठ निकल पड़े। ज्ञात हो कि जब से गिरीश गुप्ता को किसान मोर्चा मे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है वे लगातार क्षेत्र में दौरा कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के लिए एडी चोटी एक कर दिये हैं। नवाचार के माध्यम से लगातार कार्यक्रम कर केन्द्र की योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं तथा लोगों से सम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने मे कोई कसर नहीं छोड रहे हैं।

### गोंडवाना के सरपंच पति को कराया भाजपा ज्वाईन

ग्राम पंचायत कुप्पी के जमड़ीपारा मे नरेन्द्र मोदी के रीति-नीति से भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे जमड़ी पारा जिसमे मुख्य अतिथि गिरीश गुप्ता पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष किसान मोर्चा सरगुजा प्रभारी, शीतल प्रसाद गुप्ता विशेष आमंत्रित सदस्य एवं ओड़गी मंडल सह प्रभारी दुर्गा प्रसाद गुप्ता शक्ति केन्द्र प्रभारी कुदरगढ़, विशिष्ट अतिथि बलीराम यादव मंडल मंडल मंत्री भैयाथान उपस्थित थे। जमड़ी पारा के लोगों की समस्याओं को सुनी लोगो का कहना है कि आज यहां सड़क बिजली पानी नही है जो कि काले पानी के गुजर बसर कर रहे है। सरपंच पति विजय सिंह एवं गोंडवाना कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा में शामिल हुये। जिनको मुख्य अतिथी गिरीश गुप्ता, शीतल प्रसाद गुप्ता एवं अन्य अतिथियों के द्वारा वस्त्र पहनाकर भाजपा मे शामिल कराया गया। भाजपा शामिल होने वाले विजय सिंह सरपंच पति, लालू प्रसाद यादव रुपनारायण सिंह रमेश सिंह राजेश यादव राम प्रसाद यादव धर्मपाल पंडो राम सुभग यादव जयपाल सिंह बाबूलाल यादव फूलकुंवर पंडो देवलाल सिंह नेटी दिनेश पंडो सहदेव पंडो शन्नीलाल श्याम बंशीलाल श्याम फूलमत यादव पुसनी बाई पंडो प्रेमलाल पंडो सुमित्रा सिंह रामसाय पंडो भीम सिंह श्याम एवं अन्य उपस्थित थे।